RAJASTHAN PATRIKA, Surat, 11.11.2024
Page No. 3, Size:(17.55)cms X (8.56)cms.

मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड बुलेट ट्रेन कॉरिडोर: यात्रियों की सुविधा के लिए पहुंची एस्केलेटर सहित आधुनिक मशीनें

हीरा नगरी के बुलेट ट्रेन स्टेशन में गढ़ा जा रहा डायमंड

सूरत और वापी के बीच सभी नौ नदी पुलों का निर्माण पूरा, गुजरात में कुल 20 नदी पुलों में से 12 तैयार

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

सूरत. शहर के अंत्रोली में मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर पर तैयार हो रहा सूरत बुलेट ट्रेन स्टेशन का अगला हिस्सा डायमंड का रूप लेने लगा है। स्टेशन परिसर में लगाए जाने वाले एस्केलेटर सहित अन्य आधुनिक मशीनें भी सूरत पहुंचने लगी हैं। सूरत और वापी स्टेशन के बीच सभी नौ नदी पुलों का निर्माण पूरा हो चुका है।

नेशनल हाईस्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) के अधिकारियों ने बताया कि सूरत बुलेट ट्रेन स्टेशन का निर्माण डायमंड के आकार का होगा।

ग्राउंड फ्लोर, कॉन्कोर्स एरिया और प्लेटफार्म लेवल के निर्माण के बाद अब स्टेशन के आगे के हिस्से को डायमंड का लुक देने का कार्य शुरू किया गया है। वहीं, स्टेशन पर यात्रियों के लिए एस्केलेटर और लिफ्ट की सुविधा के लिए कुछ दिन पहले ही एस्केलेटर सहित आधुनिक मशीनें सूरत पहुंची है, जिन्हें क्रेन से उतारा जा रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन कॉरिडोर के लिए वापी और सूरत बुलेट ट्रेन स्टेशन के बीच सभी नौ नदी पुलों का निर्माण पूरा हो गया है। गुजरात में कुल 20 में से 12 नदी पुल का निर्माण पूरा किया जा चुका हैं। बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए नवसारी जिले में खरेरा नदी पर पुल का निर्माण कार्य 29 अक्टूबर को पूरा किया गया। यह पुल वापी और बिलिमोरा बुलेट ट्रेन स्टेशन के बीच में है।

सूरत बुलेट ट्रेन स्टेशन के आगे का हिस्सा डायमंड में ले रहा आकार।

इन दो स्टेशन के बीच में कोलक, पार, औरंगा और कावेरी नदी पर पुल पहले ही पूरे किए जा चुके हैं। यह नदी अंबिका नदी की ट्रीब्यूटरी में से एक है, जो गुजरात के साथ महाराष्ट्र की सीमा क्षेत्र में वांसदा तहसील की पहाडियों से निकलती है। खरेरा नदी वापी बुलेट ट्रेन स्टेशन से लगभग 45 किलोमीटर और बिलिमोरा बुलेट ट्रेन स्टेशन से 6 किलोमीटर की दूरी पर है। गुजरात में 20 नदी पुलों में से पूरा किया गया यह 12वां नदी पुल है।

खरेरा नदी पुल की मुख्य विशेषताएं

- पुल की लंबाई 120 मीटर
- 03 फुल स्पैन गर्डर (प्रत्येक 40 मीटर)
- 05 मीटर व्यास के 3 गोलाकार पियर हैं
- पियर्स की ऊंचाई 14.5 मीटर से 19 मीटर
- 04 मीटर का एक गोलाकार पियर

तैयार 12 नदी पुल यहां-यहां: वापी और सूरत बुलेट ट्रेन स्टेशन के बीच नवसारी जिले में खरेरा, पूर्णा, मिंधोला, अंबिका, कावेरी और वेंगानिया नदी और वलसाड जिले में पार, औरंगा, कोलक नदी पुल शामिल हैं। अन्य पूरे किए गए नदी पुलों में वडोदरा जिले में धादर, खेडा जिले में मोहर और वात्रक नदी पर तैयार पुल शामिल हैं।